**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**रायपुर ,छत्तीसगढ़**

**क./असंछा/पो.मै./न.क.–02/19–20/4397** रायपुर दिनांक 21/9/2020

प्रति,

सहायक आयुक्त, (समस्त)
आदिवासी विकास
छत्तीसगढ़

**विषयः–अल्पसंख्यक समुदाय के विधार्थियों की योजना प्री/पोस्ट/मेरिट–कम–मीन्स छात्रवृत्ति वर्ष 2020–21 बाबत्।**

संदर्भः–भारत सरकार ,अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क./एसएस–15/13/2020–स्कालरशिप–मोमा,दिनांक 04.09.20.

विषयांतर्गत लेख है कि भारत सरकार ,अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020–21 की प्री ,पोस्ट एव मेरिट–कम–मीन्स छात्रवृत्ति हेतु पोर्टल प्रारंभ किया जा चुका है। इन योजनाओं हेतु विभिन्न प्रकियाओं के लिए निम्नानुसार अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है :–

| क | योजना का नाम | आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | संस्था द्वारा verification की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति | 31–10–2020 | 15–11–2020 |
| 2 | पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति | 31–10–2020 | 15–11–2020 |
| 3 | मेरिट–कम–मीन्स छात्रवृत्ति | 31–10–2020 | 15–11–2020 |

भारत सरकार ,अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा उक्त तीनों योजनाओं के संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रदाय किये गये हैं:–

1. उक्त तीनों योजनाओं का जिलास्तर पर व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार करें। साथ ही कलेक्टरेट एवं जिला कार्यालय में योजना के संबंध में होर्डिंग भी लगवाना सुनिश्चित करें।
2. जिन संस्थाओं का KYC Registration लंबित है ,उनको जल्द–से–जल्द पूर्ण करें।
3. सभी विद्यार्थियों का आधार बनवाने का प्रयास करें।
4. विगत वर्ष में नवीनीकरण के कम आवेदन प्राप्त होने के कारणों की समीक्षा करते हुए ,वर्ष 2020–21 में नवीनीकरण के प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हेतु प्रयास करें।

सभी जिले उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए वर्ष 2020–21 में अल्पसंख्यक के आवेदनों में वृद्धि करने का प्रयास करें।

(शम्मी आबिदी)
**संचालक**
आदिम जाति तथा अनु.जाति विकास
नवा रायपुर ,छत्तीसगढ

कार्यालय, प्राचार्य
शासकीय महामाया महाविद्यालय
रतनपुर – 495442
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

Special College Code - 2812

Website: www.gmcratanpur.ac.in; Mobile: 9300311524, 8962311524
Email: gmc_ratanpur@rediffmail.com; pri-mratanpur.cg@gov.in;col-mratanpur.cg@gov.in

# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति सूचना
## दिनांक – 15.10.2020

शैक्षणिक सत्र 2020 – 21 में महाविद्यालय में नियमित प्रवेश प्राप्त अल्पसंख्यक समुदायो (जैन, बौद्ध, सिक्ख, पारसी, मुस्लिम एवं ईसाई) के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है की अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल प्रारम्भ हो चुका है I

विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर, आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक समस्त संलग्नकों सहित महाविद्यालय में (समय प्रातः 11.00 से 02.00 बजे तक) डॉ राजेश कुमार राय (सहा. प्रा. जन्तु विज्ञान) के पास जमा कर सकते है I

संलग्नको की सूची एवं अन्य आवश्यक जानकारी संलगन प्रपत्र में उल्लेखित है I

नोट – ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त संलगनकों सहित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **31/10/2020** निर्धारित है । ताकि निर्धारित समयावधि में महाविद्यालय द्वारा की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

रतनपुर
15.10.2020

(डॉ. राजेश कुमार राय)
छात्रवृत्ति प्रभारी

(डॉ. आर. एस. खेर)
प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय महामाया महाविद्यालय
रतनपुर, जि. बिलासपुर (छ.ग.)

# अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति (मेट्रिकोत्तर स्तर) 2020 - 21
## छात्रवृत्ति सम्बंधी सामान्य जानकारी

1. **छात्रवृत्ति का लाभ** – भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित छः अल्पसंख्यक समुदायो (जैन, बौद्ध, सिक्ख, पारसी, मुस्लिम एवं ईसाई) से सम्वंधित छात्र/ छात्राओं को प्रदान किया जाता है I
2. **निर्धारित समय सीमा** – छात्र/ छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर, आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में प्रस्तुत करनें की अन्तिम तारीख –
   - नवीन आवेदन एवं नवीनीकरण आवेदन हेतु – **31 अक्टूबर 2020 I**
3. **पात्रता** –
   - आवेदक भारत सरकार द्वारा अधिसूचित छः अल्पसंख्यक समुदायो (जैन, वौद्ध, सिक्ख, पारसी, मुस्लिम एवं ईसाई) का विद्यार्थी हो I
   - आवेदक वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2020 - 2021) में महाविद्यालय का नियमीत विद्यार्थी होI
   - आवेदक ने पिछले पास किए हुए कक्षा में नुनतम 50% अंक प्राप्त किए हों I
4. **आवेदकों हेतु निर्देश** –
   I. छात्रवृत्ति हेतु केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जायेंगे I
   II. वेबसाईड – आवेदक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल वेबसाईड 'www.Scholarships.gov.inतथाइस वेबसाईड का लिंक www.minorityaffairs.gov.in पर या मोबाइल एप National scholarship (NSP) पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है I
   III. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत निर्देश और 'बार बार पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के होम पेज पर उपलब्ध है I
   IV. आवेदक अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में उसी बैंक खाते का विवरण दे जो सक्रीय मोड में हो या बैंक के निर्देशों के अनुरूप हों I
5. **विस्तृत जानकारी हेतु** –
   - आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु, वैकल्पित अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की वेबसाईड www.minority affairs.gov.in पर या समाधान हेल्पलाइन (टोल फ्री) : 1800-11-2001 पर प्रातः 09.00 सेसायं 05.30 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार (छुट्टी के दिन छोड कर) से संपर्क कर सकते है I
6. **संलग्नकों की सूचि** –आवेदक ऑनलाइन किए गए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज निम्नलिखित क्रम में अनिवार्यतः संलग्न करे –
   1. पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ – दो प्रति I
   2. महाविद्यालय से प्रदत्त बोनाफाईड प्रमाण पत्र I
   3. INSITUTION VARIFICATION FORM - दो प्रती में (फॉर्म भरते समय कम्प्युटर सेंटर द्वारा प्रदत्त) I
   4. SELF DECLARATION FORM (फॉर्म भरते समय कम्प्युटर सेंटर द्वारा प्रदत्त) I
   5. समस्त उत्तीर्ण किए गए कक्षाओं की अंकसूची (क्रमशः व्यवस्थित हो) I
   6. अन्तिम पास किए गए परीक्षा की स्व प्रमाणित अंकसूची (प्राप्तांक का प्रतिशत 50% से कम ना हों I
   7. महाविद्यालय में वर्तमान सत्र (2020-21) में जमा किए गए फीस के रसीद की छायाप्रति।
   8. निवास प्रमाण पत्र – जो तहसीलदार द्वारा जारी किया गया होI

9. आय एवं जाति प्रमाण पत्र –
   - या तो अलग अलग बनाकर जमा करें या
   - प्रपत्र क्र (संलग्नक क्र 03) के फार्मेट के अनुसार 10 रू. के स्टेम्प में टाइप कराकर उसे नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर उसकी मूल प्रति जमा करें I
   - आय सीमा – आवेदक के पालक की वार्षिक आय सभी ज्ञात श्रोत से रू <u>**02 लाख**</u> से अधिक ना हो I
10. बैंक खाता की छाया प्रति –
   - बैंक खाताछात्र/ छात्रा के स्वयं के नाम का हो I
   - बैंक खाता की छायाप्रति में खाता क्रमांक एवं IFSC कोड संख्या स्पष्ठ अंकित हो I
   - बैंक खाता क्रमांक उसके आधार से लिंक हो I
11. आधार कार्ड की छायाप्रति I

**नोट –**

1. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले समस्त छायाप्रति छात्र/ छात्रा द्वारा स्वप्रमाणित किए गए हो I
2. आवेदन पत्र के साथ सभी संलग्नकों को ऑनलाइन उपलोड करना अनिवार्य है I
3. **<u>विद्यार्थी को शासन द्वारा प्रदत्त कोई भी एक ही छात्रवृत्ति प्रदान किया जावेगा I</u>**

रतनपुर
15.10.2020

**(डॉ. राजेश कुमार राय)**
छात्रवृत्ति प्रभारी

**(डॉ. आर. एस. खेर)**
प्राचार्य

प्राचार्य
शासकीय महामाया महाविद्यालय
रतनपुर, जि. बिलासपुर (छ.ग.)